Valuable Visitor: Sudipto Ghosh

PXP0EZ9

**Balvantray Mehta Vidya Bhawan**
**Anguridevi Shersingh Memorial Academy**
**Greater Kailash-II, N.D-48**

# संकलित परीक्षा – I (2015-16)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा –X

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 90

निर्देश :

(1) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence

### खण्ड-क

### ( अपठित बोध )

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए:** 12

आज हम सभी परेशान हैं कि समय पर वर्षा नहीं होती। कहीं अतिवृष्टि है, कहीं अल्पवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि। पिछली सदी के पूर्वार्द्ध की अपेक्षा उत्तरार्द्ध में मौसमी-चक्र बहुत कुछ बदल गया है और अब तो अनिश्चित-सा हो गया है। पहले हर मौसम प्रायः समय पर आता था और वर्षा नियमित रूप से होती थी। यह स्थिति केवल भारत की नहीं है बल्कि संपूर्ण विश्व की है। कहीं इतनी वर्षा होती है कि बाढ़ के कारण जन और धन की अपार हानि होती है तो कहीं बिल्कुल वर्षा नहीं होती जिससे खड़ी फसलें खेत में नष्ट हो जाती हैं। कुछ देशों में बर्फ इतनी गिरती है कि जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। कभी-कभी जब फसल पक जाती है तब मूसलाधार वर्षा हो जाती है जिससे अन्न को घर लाना असंभव हो जाता है। वायुमंडल में प्रदूषण और प्रकृति-असंतुलन के कारण भारत के अधिकांश भाग में सन् 1987 में बीसवीं शताब्दी का सबसे भयंकर सूखा पड़ा। साथ ही पूर्वी भारत में बाढ़ के भीषण प्रकोप से जन-धन की काफी हानि हुई। यह प्राकृतिक विपदा मनुष्य-निर्मित है, क्योंकि मनुष्य स्वयं प्रकृति का संतुलन बिगाड़ रहा है। मौसम में इस तरह के बदलाव से सामान्य जन पीड़ित हैं और वैज्ञानिक चिंतित।

वैज्ञानिक खोजों से पता चलता है कि मौसम में परिवर्तन का कारण फेफड़ों में कैंसर व हृदय के रोगों एवं मानसिक तनाव आदि का मुख्य कारण है- प्रकृति में असंतुलन। हम सभी जानते हैं कि धरती पर जीवन प्रकृति-संतुलन से ही संभव हो सका है।



http://jsuniltutorial.weebly.com/

JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence

(क) आज मौसम-परिवर्तन के क्या-क्या लक्षण दिखाई पड़ते हैं?

(ख) बाढ़ से मानव-जीवन किस प्रकार दूभर हो जाता है?

(ग) 1987 में प्राकृतिक असंतुलन से क्या दुष्परिणाम सामने आए थे?

(घ) मौसम में परिवर्तन से किस प्रकार के रोग होते दिखाई पड़ते हैं?

(ङ) 'उत्तरार्द्ध' व 'भीषण' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(च) मौसम परिवर्तन का प्रमुख कारण क्या है? उसके लिए आप क्या कर सकते हैं?

2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 8

यह कैसा वक़्त है

कि किसी को कड़ी बात कहो

तो भी बुरा नहीं मानता!

जैसे घृणा और प्यार के जो नियम हैं

उन्हें कोई नहीं जानता।

खूब खिले हुए फूल को देखकर

अचानक खुश हो जाना,

बड़े स्नेही सुहृद की हार पर

मन भर लाना,

झुँझलाना,

अभिव्यक्ति के इन सीधे-सादे रूपों को भी

सब भूल गए

कोई नहीं पहचानता।



http://jsuniltutorial.weebly.com/

यह कैसी लाचारी है
कि हमने अपनी सहजता ही
एकदम बिसारी है।
इसके बिना जीवन कुछ इतना कठिन है
कि फ़र्क जल्दी समझ में नहीं आता —
यह दुर्दिन है या सुदिन है।
जो भी हो संघर्षों की बात तो ठीक हैं।
बढ़ने वाले के लिए
यही तो एक लीक है।
फिर भी दुख-सुख से यह कैसी निस्संगता !
कि किसी को कड़ी बात कहो
तो भी वह बुरा नहीं मानता !
यह कैसा वक़्त है ?

(i) अभिव्यक्ति के सीधे-सादे रूप क्या हैं?

(ii) कवि ने लाचारी किसे माना है और क्यों?

(iii) सुख-दुख से निस्संगता का क्या आशय है?

(iv) आशय स्पष्ट कीजिए - यह कैसा वक्त है?

## खण्ड-ख

### ( व्यावहारिक व्याकरण )

3 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए- 3



http://jsuniltutorial.weebly.com/

(क) उसने ईश्वर से कुछ माँगने की मुद्रा में अपने हाथ ऊपर उठाए।

(मिश्र वाक्य में)

(ख) गायें और बकरियाँ भी घास खा रही हैं।

(संयुक्त वाक्य में)

(ग) मैंने कल एक ऐसा बच्चा देखा था जो बहुत स्वस्थ था।

(सरल वाक्य में)

4 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 4

(क) इस जंगल में एक पागल हाथी हो गया है।

(ख) जो काम करो, वही पूरा जरूर करो।

(ग) शाम को श्रीमती मीरा एक गीत देंगी।

(घ) एक गुलाब की फूलों की माला चाहिए।

5 (क) निम्नलिखित समस्त-पदों का विग्रह कीजिए तथा समासों के नाम लिखिए – 4

नवरात्रि, चिंतामग्न

(ख) निम्नलिखित शब्दों से समास बनाइए व समास का नाम लिखिए –

देश से निकाला (निष्कासन),

लगाम के बिना

6 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : 2

(क) भाषा की लघुतम स्वतंत्र इकाई को ________ कहते हैं।

(ख) वाक्य में प्रयुक्त शब्द ________ कहलाता है।



http://jsuniltutorial.weebly.com/

JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence

7 निम्नलिखित वाक्यों की पूर्ति उपयुक्त मुहावरों से कीजिए - 2

(क) सच्चे शूरवीर देश की रक्षा में प्राणों की ________ हैं।

(ख) गरीब माँ-बाप अपना ________ कर बच्चों को पढ़ाते हैं और वे चिंता नहीं करते।

खण्ड-ग

( पाठ्य-पुस्तक )

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(2+2+1)

8(i) मैदान का आकर्षण छोटे भाई को कहाँ ले जाता था और क्या-क्या करवाता था ? कहानी 'बड़े भाई साहब' के आधार पर लिखिए। 2

(ii) 26 जनवरी 1931 के दिन कोलकाता में मार्गों की क्या स्थिति हो गई थी ? बताइए। 2

(iii) राजकपूर द्वारा निर्देशित कुछ फिल्मों के नाम लिखिए ? 1

9 तताँरा और वामीरो की मृत्यु कैसे हुई ? पठित पाठ के आधार पर लिखिए। 5

10 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(2+2+1) 5

सालाना इम्तिहान हुआ। भाई साहब फेल हो गये, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया। मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया। जी में आया, भाईसाहब को आड़े हाथों लूँ- आपकी वह घोर व्यवस्था कहाँ गई ? मुझे देखिए मजे से खेलता भी रहा और दरजे में अव्वल भी हूँ। लेकिन वह इतने दुखी और उदास थे कि उनसे मुझे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा। हाँ मुझे अब अपने ऊपर कुछ अभिमान हुआ और आत्मसम्मान भी बढ़ा। भाईसाहब का वह रौब मुझ पर न रहा। आजादी से खेलकूद में शरीकहोने लगा। दिल मजबूत था। अगर उन्होंने फिर मेरी फजीहत की तो साफ-साफ कह दूँगा-'आपने अपना खून जलाकर कौन सा तीर मार लिया ?

(क) लेखक के मन में बड़े भाई के प्रति तिरस्कार क्यों जागा?

(ख) लेखक के प्रथम आने पर क्या-क्या परिणाम हुए?

(ग) अब लेखक खेलकूद में आजादी से क्यों शरीक होने लगा?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(2+2+1)

11(i) प्रकृति का वेश किस प्रकार बदल रहा है? पंत की कविता के आधार पर लिखिए। 2

(ii) 'पोथी पढ़-पढ़' कर भी ज्ञान प्राप्त न होने से कबीर का क्या तात्पर्य है? 2

(iii) 1857 की तोप का क्या आशय है? 1

12 मीराबाई ने हरि से स्वयं का कष्ट दूर करने की जो विनती की है उसमें स्वयं का कृष्ण से कौन-सा संबंध बताया है? जिन भक्तों के उदाहरण दिए है उनमें से एक पर की गई कृष्ण कृपा को संक्षेप में लिखिए। 5

13 आप कैसे कह सकते हैं कि हरिहर काका संयुक्त परिवार के मूल्यों के प्रति एक समर्पित व प्रेरक मानव थे? पठित पाठ के आधार पर समझाइए। 5

खण्ड-घ

(लेखन)

दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

14(i) जहाँ-चाह वहाँ राह 5

- इच्छाशक्ति का महत्व



http://jsuniltutorial.weebly.com/

JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence

- इच्छाएँ और जीवन मूल्य (स्वाभिमान, संतोष, सत्य, आदि) ?
- चाह से राह का निर्माण

(ii) मेरे सपनों का भारत 5

- भारत - प्राकृतिक स्थिति
- भारत के बारे में मेरी कल्पना
- उन्नत भारत की चाह
- भ्रष्टाचार-मुक्त भारत
- सुनियोजित भारत

(iii) समय-नियोजन 5

- अर्थ
- व्यवस्था
- लाभ

15 अपनी कक्षा को आदर्श कक्षा का रूप देने के लिए अपने सुझाव देते हुए प्रधानाचार्य महोदय को एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

16 विद्यालय के सूचना-पट के लिए सूचना तैयार कीजिए कि शरद्कालीन अवकाश के बाद 20 अक्तूबर को विद्यालय में हिन्दी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम से संपर्क करें।(20 - 30 शब्दों में) 5

17 नौकर और मालिक के मध्य वेतन-वृद्धि के लिए हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

18 आपकी माँ बहुत अच्छी चाकलेट्स बनाती है। उन्हें बेचने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 20 - 25 शब्दों में बनाइए। 5

-o0o0o0o-

JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence



http://jsuniltutorial.weebly.com/